प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–खेलो इंडिया संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत – माय भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद युवा प्रतिभागियों, माय भारत के स्वयंसेवकों, स्थानीय खिलाड़ियों और जन प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय स्तर पर संवाद होगा।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऐलान किया है कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में आउटसोर्स भर्ती को कम करेगी और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ नर्सों की नियुक्ति आउटसोर्स माध्यम से नहीं की जाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक दीपराज के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नर्सों की भर्ती लिखित परीक्षा के माध्यम से की जाएगी और अगले चार–पांच महीने में सभी मेडिकल कॉलेजों में योग्य नर्सों की तैनाती का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान टांडा मेडिकल कॉलेज और आईजीएमसी में आउटसोर्स आधार पर रखे गए कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी भर्तियां राज्य चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी। जिससे कर्मचारियों के नियमितिकरण में कोई बाधा न आए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जलवाहक और पैरा–फिटर कर्मचारियों की नियुक्ति आउटसोर्स माध्यम से नहीं होती, ये विभागीय नीति के तहत लगाए जाते हैं।

राष्ट्र गान विवाद

प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को लेकर शुरू हुआ विवाद अब मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के नोटिस तक पहुंच गया है। विपक्ष ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। विपक्ष का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में भाजपा विधायकों के खिलाफ झूठ बोला है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया है कि राष्ट्र गान का किसी भी तरह से अपमान नहीं हुआ है और इस संबंध में मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए आरोप गलत साबित हुए हैं।

भाजपा के विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा अपनी गलतियों को सुधारने के लिए तरह–तरह के हथकंड़े अपना रही है। उन्होंने दोहराया कि भाजपा ने राष्ट्र गान का अपमान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा लगातार झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं और यदि यह सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस भी भाजपा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। .

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज लोक भवन में राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से आईजीएमसी शिमला के शिशु बार्ड के लिए कम्बल भेंट किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मानवता की सेवा और जरूरत मंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना रेडक्रॉस आंदोलन की मूल भावना है। उन्होंने मरीजों को चिकित्सा उपचार के साथ–साथ आवश्यक सहयोग व सहायता उपलब्ध करवाने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य संस्थानों व अन्य हितधारकों के बीच तालमेल व सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

---